**प्रेस विज्ञप्ति**

# इरेडा के सीएमडी का वर्ष 2025 के लिए विजन: बाजार में नवाचार, खुदरा अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा और वैश्विक स्तर पर विस्तार




नई दिल्ली, 1 जनवरी 2025

नव वर्ष 2025 के अवसर पर, भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कर्मचारियों को संबोधित किया। इस अवसर पर, इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार मोहंती, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री अजय कुमार साहनी और अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद थे।

श्री दास ने अक्षय ऊर्जा के वित्तपोषण के लिए इरेडा की अथक प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने ग्रीन अमोनिया और पंप स्टोरेज हाइड्रोपावर परियोजनाओं के साथ-साथ सोलर रूफटॉप और पीएम कुसुम के अधीन विकेंद्रीकृत उत्पादन परियोजनाओं के लिए बाजार में सबसे पहले समर्थन देकर बाजार में नवाचारों को आगे बढ़ाने के लिए इरेडा के नेतृत्व पर प्रकाश डाला।

इसके बारे में विस्तार प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए, श्री दास ने गिफ्ट सिटी में इरेडा की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के अनंतिम पंजीकरण का उल्लेख किया, जिसका उद्देश्य विदेशी मुद्रा के वित्तपोषण के माध्यम से ग्रीन हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण को बढ़ावा देना है। उन्होंने खुदरा सहायक कंपनी स्थापित करने के लिए प्राप्त सैद्धांतिक मंजूरी के बारे में भी जानकारी साझा की। यह सहायक कंपनी पीएम-सूर्यघर (रूफटॉप सोलर) और पीएम-कुसुम योजनाओं के तहत खुदरा कारोबार को संभालने पर ध्यान केंद्रित करेगी, साथ ही इलेक्ट्रिक वाहन, ऊर्जा भंडारण, हरित प्रौद्योगिकी और ऊर्जा दक्षता सहित नवीकरणीय ऊर्जा में उभरते बी2सी सेगमेंट के बारे में भी ध्यान केंद्रित करेगी।

अनंतिम तीसरी तिमाही आंकड़ों के अनुसार, श्री दास ने इरेडा के शानदार प्रदर्शन के बारे में रेखांकित किया, जोकि वर्ष -दर-वर्ष 129% बढ़कर ₹31,087 करोड़ हो गया और संवितरण 41% बढ़कर ₹17,236 करोड़ हो गया। बकाया ऋण बुक 36% बढ़कर ₹69,000 करोड़ तक पहुँच गई। संचयी रूप से, इरेडा ने ₹2.39 लाख करोड़ से अधिक मंजूर किए हैं और ₹1.52 लाख करोड़ से अधिक का संवितरण किया है।

श्री दास ने पिछले वर्ष के इरेडा के प्रमुख मील के पत्थर के बारे में भी दोहराया, जिसमें नवरत्न का दर्जा प्राप्त करना, एस एवं पी ग्लोबल से अंतर्राष्ट्रीय संप्रभु-समतुल्य बीबीबी -(स्थिर) रेटिंग प्राप्त करना और घरेलू एएए रेटिंग बनाए रखना शामिल है। उन्होंने इरेडा द्वारा वित्तीय वर्ष 23-24 के वित्तीय परिणामों को मात्र 19 दिनों में प्रकाशित करने तथा 24 जून, 2024 को भारत की सबसे पहली वार्षिक आम बैठक आयोजित करने का उल्लेख किया। इसके अतिरिक्त, इरेडा को नवंबर 2023 से नवंबर 2024 की अवधि के लिए भारत में शीर्ष 5 धन-संपत्ति सृजनकर्ताओं में से एक के रूप में मान्यता दी गई है, जिसने प्रमुख व्यावसायिक समाचार पत्रों द्वारा प्रतिष्ठित दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उल्लेखनीय रूप से, यह शीर्ष 5 धन-संपत्ति सृजनकर्ताओं की सूची में एकमात्र सार्वजनिक क्षेत्र का प्रतिष्ठान है।

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने माननीय, केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, उपभोक्ता मामले तथा खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री, श्री प्रल्हाद जोशी; माननीय, विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री, श्री श्रीपद नाइक; एमएनआरई के सचिव, श्री प्रशांत कुमार सिंह ; मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों; तथा निदेशक मंडल के प्रति उनके समर्थन और अमूल्य मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

अपने संबोधन का समापन करते हुए, श्री दास ने कर्मचारियों की प्रतिबद्धता और समर्पण की प्रशंसा की, तथा उनसे भारत के हरित ऊर्जा मिशन में नवाचार और उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने इरेडा कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों की भी सराहना की, तथा कंपनी की सफलता के पीछे कार्यबल का समर्थन करने के लिए उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। वर्ष 2024 में इरेडा की उल्लेखनीय उपलब्धियों और ऐतिहासिक योगदान का उत्साव मनाते हुए, उन्होंने सभी कर्मचारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं और उन्हें वर्ष 2025 में और भी बड़ी उपलब्धियों के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया।